आवास बन्धु
आवास एवं शहरी नियोजन
विभाग उ0प्र0 शासन

प्रथम तल, जनपथ मार्केट, लखनऊ
दूरभाषः : 0522–4070567
E-mail: awasbandhu@gmail.com
website: http://www.awasbandhu.in

संख्या : 1138 /आ.ब.–1–निदेशक/2023 दिनांक : 04 जुलाई, 2024

प्रेषक,

निदेशक,
आवास बन्धु,
उत्तर प्रदेश।

'महत्वपूर्ण'

सेवा में,

1. **आवास आयुक्त,**
उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।
2. **उपाध्यक्ष,**
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।
3. **अध्यक्ष,**
समस्त वि0क्षे0 वि0 प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

विषयः मासिक प्रगति रिपोर्ट (एम.पी.आर.) ऑन–लाइन फीड कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

अवगत कराना है कि **अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0शासन की अध्यक्षता में माह जुलाई, 2024 में यथाशीघ्र मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की जानी है।** उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, समस्त विकास प्राधिकरणों तथा समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरणों द्वारा आवास बन्धु के पोर्टल पर अभिकरण से सम्बन्धित मासिक प्रगति रिपोर्ट (एम.पी.आर.) निर्धारित तिथि प्रत्येक माह की 05 तारीख तक फीड कराये जाने के निर्देश दिये गये है। परन्तु अधिकांश अभिकरणों द्वारा निर्धारित तिथि प्रत्येक माह की 05 तारीख तक पोर्टल पर मासिक प्रगति रिपोर्ट (एम.पी.आर.) फीड नही करायी जाती है, फलस्वरूप शासन स्तर पर होने वाली उच्च स्तरीय बैठकों हेतु समय से डाटा उपलब्ध कराने में कठिनाई होती है।

उल्लेखनीय है कि कतिपय प्राधिकरणों को द्वारा पोर्टल पर समस्त प्रारूपों में सूचना फीड नहीं जाती है, जिससे प्रदेश स्तर पर समेकित सूचना संकलित नहीं हो पा रही है। यह भी अवगत कराना है कि मासिक प्रगति रिपोर्ट सम्बन्धित **फार्मेट एन.एफ.–32 (निर्माण/विकास) व एन.एफ.–32 को सी0एम0 डैश बोर्ड से भी इंटीग्रेट किया गया है,** जिसे प्रत्येक माह की 05 तारीख तक फीड होना अनिवार्य है, अन्यथा सूचना शून्य दर्शित हो जायेगी।

अतः अनुरोध है कि कृपया माह जून, 2024 की **मासिक प्रगति रिपोर्ट दिनांक 05.07.2024 तक प्रत्येक दशा में फीड कराने का कष्ट करें। इस सम्बन्ध में अभिकरणों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों का व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।**

भवदीय,
04/07/2024
(रवि जैन)
निदेशक